गुरुग्राम
बुधवार
01 फरवरी, 2023
वर्ष 11, अंक 31
पृष्ठ 08
मूल्य ₹1.00

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# ह्यूमन इंडिया
हम बनेंगे आपकी आवाज



Website : www.epaperhumanindia.in ; E-mail : humanindiadaily@gmail.com  जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर में छात्रों ने लिया फर्स्ट एड का ज्ञान

## सिलाई, कढ़ाई और परिधान डिजाइन प्रशिक्षण केंद्र द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन



ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

**बल्लभगढ़।** प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में सिलाई, कढ़ाई और परिधान डिजाइन प्रशिक्षण केंद्र,अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ द्वारा 31 जनवरी 2023 को एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। छात्राओं में कौशल विकास और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से पिछले वर्ष सिलाई सेंटर का उद्घाटन किया गया था। यह वर्धमान महावीर सेवा सोसाइटी, सेवा भारती फरीदाबाद ट्रस्ट और सिंगर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ का एक संयुक्त उद्यम है। इस केंद्र को खोलने का उद्देश्य महाविद्यालय के समय में छात्राओं को कौशल प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना है। प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने प्रयासों की सराहना की और छात्राओं को इस कौशल को हासिल करने के लिए प्रेरित किया जो उन्हें आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने और उन्हें अधिक सुरक्षित और आत्मविश्वास बढाने में मदद करेगा।

उन्होंने कहा कि लड़कियों को आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने से हमारे समाज में सदियों पुराने लैंगिक पूर्वाग्रहों को समाप्त करने में मदद मिलेगी। इस केंद्र में छात्रों द्वारा बनाए गए सुंदर परिधानों का प्रदर्शन किया गया और अतिथियों ने उनकी सराहना की।इस प्रदर्शनी के सफल आयोजन में समन्वयक डॉ. गीता गुप्ता, डॉ. रेखा सेन एवं प्रशिक्षकों सुश्री नीलम एवं सुश्री रेणु का विशेष योगदान रहा। वर्धमान महावीर सेवा समाज से श्री एमएल जैन, श्री रमेश जैन,श्रीमती नंदा जैन, शिवानी जैन, श्री केके अग्रवाल ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और खूब सराहना की।

## अग्रवाल महाविद्यालय की छात्रा को मिला जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में दूसरा स्थान



ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

**बल्लभगढ़।** इस बार पूरे देश ने 13वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2023 को हर्षोल्लास के साथ मनाया। इसी अवसर के उपलक्ष्य में व मतदाताओं को जागरूक करने के प्रयास में जि़ला निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अग्रवाल महाविद्यालय की छात्रा आँचल तंवर (एम. ए हिन्दी फाइनल) को जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। महाविद्यालय प्राचार्य डा. कृष्ण कांत गुप्ता जी ने विजेता छात्रा को बधाई दी व उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।प्राचार्य जी ने सभी को इसी प्रकार प्रेरित होकर देश की सेवा व देश में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने का संबोधन दिया। आँचल को यह पुरस्कार जि़ला उपायुक्त व जि़ला निर्वाचन अधिकारी माननीय विक्रम सिंह द्वारा मिला ।साथ ही छात्रा को 700 रू/- की नगद राशि भी पुरस्कार के रूप में मिली।इस अवसर पर डा. जयपाल, मनमोहन सिंगला, उदिता कुण्डू आदि सभी शिक्षकों ने छात्रा को बधाई दी।